प्रेसनोट दिनांक 26.03.2026

थाना बारादरी जनपद बरेली।

थाना बारादरी #bareillypolice द्वारा अवैध मादक पदार्थो की तस्करी करने वाले एक शातिर अभियुक्त को 528 ग्राम अवैध अफीम (जिसकी अन्तर्राष्ट्रीय बाजार में कीमत 10 लाख रूपये) के साथ गिरफ्तार किया गया गिरफ्तार।

घटना का संक्षिप्त विवरण/परिचयः-

थाना बारादरी, बरेली पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान दिनांक 26.03.2026 को नाग देवता मंदिर के पास से सुरेन्द्र (उम्र 20 वर्ष) पुत्र राममूर्तिलाल नि0- ग्राम कान्धरपुर थाना विशारतगंज, बरेली को 528 ग्राम अवैध अफीम (कीमत लगभग 10 लाख रूपये) के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 361/2026 धारा 8/18/29 NDPS एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया।

सूचना, पुलिस टीम एवं कार्यवाहीः-

अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना बारादरी, बरेली पुलिस द्वारा चैकिंग के दौरान दिनांक 26.03.2026 को नाग देवता मंदिर के पास से सुरेन्द्र (उम्र 20 वर्ष) पुत्र राममूर्तिलाल नि0- ग्राम कान्धरपुर थाना विशारतगंज, बरेली को 528 ग्राम अवैध अफीम (कीमत लगभग 10 लाख रूपये) के साथ गिरफ्तार किया गया। जिसके सम्बन्ध में अभियुक्त के विरूद्ध मु0अ0सं0 361/2026 धारा 8/18/29 NDPS एक्ट का अभियोग पंजीकृत किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत अभियोग का विवरणः-

मु0अ0सं0 361/2026 धारा 8/18/29 NDPS एक्ट थाना बारादरी बरेली बनाम सुरेन्द्र पुत्र राममूर्तिलाल नि0- ग्राम कान्धरपुर थाना विशारतगंज, बरेली व कल्लू राजपूत पुत्र लखपत नि0- ग्राम कान्धरपुर थाना विशारतगंज, बरेली(फरार)

पूछताछः-

अभियुक्त से पूछताछ करने पर उसने बताया कि वह कक्षा 10वीं तक शिक्षित है तथा खेती-बाड़ी का कार्य करता है। उसके खेत के पास ही कल्लू का खेत भी है। कल्लू द्वारा उसे अधिक पैसे कमाने का लालच देते हुए अपने साथ काम करने के लिए कहा गया। इसी लालच में आकर अभियुक्त ने कल्लू से अफीम प्राप्त की, जिसे बेचकर वह अधिक मुनाफा कमाना चाहता था। आज भी वह उक्त अफीम को बेचने के लिए जा रहा था, तभी पुलिस द्वारा पकड़ा गया। फरार अभियुक्त कल्लू राजपूत उपरोक्त की गिरफ्तारी हेतु आवश्यक कार्यवाही की जा रही है तथा उसे शीघ्र गिरफ्तार किया जाएगा।

नाम पता गिरफ्तार अभियुक्त व अपराधिक इतिहासः –

सुरेन्द्र (उम्र 20 वर्ष) पुत्र राममूर्तिलाल नि0- ग्राम कान्धरपुर थाना विशारतगंज, बरेली।

मु0अ0सं0 361/2026 धारा 8/18/29 NDPS एक्ट थाना बारादरी, बरेली।

फरार अभियुक्तः-

कल्लू राजपूत पुत्र लखपत निवासी ग्राम कान्धरपुर थाना विशारतगंज जनपद बरेली(फरार)

मु0अ0सं0 361/2026 धारा 8/18/29 NDPS एक्ट थाना बारादरी बरेली ।

बरामदगीः-

528 ग्राम अवैध अफीम (कीमत लगभग 10 लाख रूपये)

पुलिस टीमः-

- प्रभारी निरीक्षक श्री धनंन्जय पाण्डेय, थाना बारादरी जनपद बरेली।
- उ0नि0 श्री मनीष भारद्वाज प्रभारी चौकी रूहेलखण्ड, थाना बारादरी जनपद बरेली।
- उ0नि0 श्री सौरभ तोमर, थाना बारादरी जनपद बरेली।
- हे0कां0 300 धनवीर सिंह, थाना बारादरी जनपद बरेली।
- कां0 1989 देवेन्द्र सिंह, थाना बारादरी जनपद बरेली।